
# चम्पारण ज्ञानाग्रह

## प्रार्थना-सभा सामग्री, दिनांक– 16 जनवरी 2026, अंक –193


प्रस्तुतिः- GOVT. PS बोदसर, बगहा-2, प. चम्पारण (10010803702)

सौजन्य :- "TEACHERS OF BIHAR - THE CHANGE MAKERS."




"हर सुबह एक नया अवसर है।"
— दलाई लामा

एक प्रयास



विद्यार्थियों की बौद्धिक और नैतिक उन्नति की ओर....

**संपादक:- शैलेन्द्र कुमार**



अनुभाग-1

# "प्रार्थना-सभा सामग्री"

## Friday Prayer

लब पे आती है दुआ बनके तमन्ना मेरी,
जिंदगी शम्मे की सूरत हो खुदाया मेरी।

हो मेरे दम से यूं ही मेरे वतन की ज़ीनत,
जिस तरह फूल से होती है चमन की ज़ीनत।

जिंदगी हो मेरी परवान की सूरत या रब,
इल्म की शम्मा से हो मुझको मोहब्बत या रब।

हो मेरा काम ग़रीबों की हिमायत करना,
दर्दमंदों से जइफों से मोहब्बत करना।

मेरे अल्लाह बुराई से बचना मुझको,
नेक जो राह हो उस रह पे चलाना मुझको।

-मोहम्मद आलम इक़बाल

## बिहार राज्य गीत

मेरे भारत के कंठहार ,
तुझको शत-शत वंदन बिहार..!

तू वाल्मीकि की रामायण
तू वैशाली का लोकतंत्र,
तू बोधिसत्व की करूणा है
तू महावीर का शांतिमंत्र
तू नालंदा का ज्ञानदीप
तू हीं अक्षत चंदन बिहार

तू है अशोक की धर्मध्वजा
तू गुरूगोविंद की वाणी है
तू आर्यभट्ट तू शेरशाह
तू कुंवर सिंह बलिदानी है
तू बापू की है कर्मभूमि
धरती का नंदन वन बिहार।

तेरी गौरव गाथा अपूर्व
तू विश्व शांति का अग्रदूत
लौटेगा खोया स्वाभिमान
अब जाग चुके तेरे सपूत
अब तू माथे का विजय तिलक
तू आँखों का अंजन बिहार
तुझको शत-शत वंदन बिहार
मेरे भारत के कंठहार ॥

## राष्ट्रीय गीत

वन्दे मातरम्।
सुजलां सुफलां मलयजशीतलाम्
शस्यश्यामलां मातरम्।
वंदे मातरम् !
शुभ्रज्योत्स्नां पुलकितयामिनीम्
फुल्लकुसुमित द्रुमदलशोभिनीम्
सुहासिनीं सुमधुर भाषिणीम्
सुखदां वरदां मातरम्।।
वन्दे मातरम्।

## राष्ट्रगान

जन-गण-मन अधिनायक जय हे
भारत-भाग्य-विधाता।
पंजाब-सिंधु-गुजरात-मराठा
द्रविड़-उत्कल-बंग।
विंध्य-हिमाचल-यमुना-गंगा
उच्छल-जलधि-तरंग।
तव शुभ नामे जागे,
तव शुभ आशिष मांगे,
गाहे तव जय-गाथा।
जन-गण-मंगलदायक जय हे
भारत-भाग्य-विधाता।
जय हे, जय हे, जय हे,
जय जय जय जय हे।।



संकलन:-
शैलेन्द्र कुमार
प्रधान शिक्षक
Govt. PS बोदसर,
बगहा-2

# संविधान की प्रस्तावना

हम, भारत के लोग,
भारत को एक सम्पूर्ण प्रभुत्व-संपन्न, समाजवादी, पंथनिरपेक्ष, लोकतंत्रात्मक गणराज्य बनाने के लिए, तथा उसके समस्त नागरिकों को: सामाजिक, आर्थिक और राजनीतिक न्याय, विचार अभिव्यक्ति, विश्वास, धर्म और उपासना की स्वतंत्रता, प्रतिष्ठा और अवसर की समता प्राप्त कराने के लिए, तथा उन सब में व्यक्ति की गरिमा और राष्ट्र की एकता एवं अखंडता सुनिश्चित करने वाली बंधुता बढ़ाने के लिए दृढ़ संकल्प होकर अपनी इस संविधान सभा में आज तारीख 26 नवम्बर, 1949 ई० (मिति मार्ग शीर्ष शुक्ल सप्तमी, संवत् दो हजार छह विक्रमी) को एतद् द्वारा इस संविधान को अंगीकृत, अधिनियमित और आत्मार्पित करते हैं।

# मौलिक अधिकार

1. "समता का अधिकार (Right to Equality.)" - अनुच्छेद 14–18
2. "स्वतंत्रता का अधिकार - (Right to Freedom.)" - अनुच्छेद 19–22
3. "शोषण के विरुद्ध अधिकार (Right against Exploitation.)" - अनुच्छेद 23–24
4. "धार्मिक स्वतंत्रता का अधिकार (Right to Freedom of Religion.)" - अनुच्छेद 25–28
5. "संस्कृति एवं शिक्षा संबंधी अधिकार (Cultural and Educational Right.)" - अनुच्छेद 29–30
6. "संवैधानिक उपचारों का अधिकार (Right to Constitutional Remedies.)" - अनुच्छेद 32

# मौलिक कर्तव्य

अनुच्छेद 51(क) – मौलिक कर्तव्य:
भारत के प्रत्येक नागरिक का यह कर्तव्य होगा कि वह –
(1.) संविधान का पालन करे और उसके आदर्शों, संस्थाओं, राष्ट्रध्वज और राष्ट्रगान का आदर करे;
(2.) स्वतन्त्रता के लिए हमारे राष्ट्रीय आन्दोलन को प्रेरित करने वाले उच्च आदर्शों को हृदय में संजोए रखे और उनका पालन करे;
(3.) भारत की प्रभुता, एकता और अखण्डता की रक्षा करे और उसे अक्षुण्ण रखे;
(4.) देश की रक्षा करे और आह्वान किए जाने पर राष्ट्र की सेवा करे;
(5.) भारत के सभी लोगों में समरसता और समान भ्रातृत्व की भावना का निर्माण करे जो धर्म, भाषा और प्रदेश या वर्ग पर आधारित सभी भेदभाव से परे हो; ऐसी प्रथाओं का त्याग करे जो स्त्रियों के सम्मान के विरुद्ध हैं;
(6.) हमारी सामासिक संस्कृति की गौरवशाली परम्परा का महत्त्व समझे और उसका परिरक्षण करे;
(7.) प्राकृतिक पर्यावरण, जिसके अंतर्गत वन, झील, नदी और वन्य जीव हैं, की रक्षा करे और उसका संवर्धन करे तथा प्राणिमात्र के प्रति दयाभाव रखे;
(8.) वैज्ञानिक दृष्टिकोण, मानववाद और ज्ञानार्जन तथा सुधार की भावना का विकास करे;
(9.) सार्वजनिक सम्पत्ति की रक्षा करे और हिंसा से दूर रहे;
(10.) व्यक्तिगत और सामूहिक गतिविधियों के सभी क्षेत्रों में उत्कर्ष की ओर बढ़ने का सतत प्रयास करे जिससे राष्ट्र निरन्तर बढ़ते हुए प्रयत्नों द्वारा उन्नति की नई ऊँचाइयों को छू ले;
(11.) यदि वह माता-पिता या संरक्षक है, तो छह वर्ष से चौदह वर्ष तक की आयु वाले अपने, यथास्थिति, बच्चे या प्रतिपाल्य को शिक्षा के अवसर प्रदान करे।


अनुभाग-2

# वर्ग:- प्राथमिक (1 - 5) के लिए

# सामान्य-ज्ञान

प्रश्न 1: राजस्थान की राजधानी क्या है?
उत्तर:जयपुर
प्रश्न 2: एवरेस्ट पर चढ़ने वाली पहली भारतीय महिला कौन थीं?
उत्तर:बछेंद्री पाल
प्रश्न 3: इडली, दोसा और सांभर किस क्षेत्र के प्रसिद्ध भोजन हैं?
उत्तर:दक्षिण भारत (विशेषकर तमिलनाडु, कर्नाटक)
प्रश्न 4: 64 का वर्गमूल (√64) कितना है?
उत्तर:8
प्रश्न 5: भगवान बुद्ध को ज्ञान की प्राप्ति कहाँ हुई थी?
उत्तर: बोधगया में निरंजना (फल्गु) नदी के तट पर बोधि वृक्ष के नीचे बुद्ध को ज्ञान की प्राप्ति हुई थी।
प्रश्न 6: सुंदरवन डेल्टा, जो रॉयल बंगाल टाइगर का घर है, किस देश में स्थित है?
उत्तर:भारत और बांग्लादेश (द्वि-राष्ट्रीय)
प्रश्न 7: रेडियो का आविष्कार किसने किया?
उत्तर:गुग्लिएल्मो मार्कोनी
प्रश्न 8: भारत के सर्वोच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश की नियुक्ति कौन करता है?
उत्तर:भारत के राष्ट्रपति
प्रश्न 9: 'विद्यालय' का पर्यायवाची शब्द बताइए।
उत्तर: पाठशाला
प्रश्न 10: वह कौन सा पदार्थ है जो हवा और पानी दोनों में घुलनशील है?
उत्तर:नमक (सोडियम क्लोराइड)

संकलन:-



पिन्टू कुमार
विद्यालय अध्यापक
UHS रामपुर, बगहा-2

# शब्द - संगम

1.Underline – (अण्डरलाइन) – रेखांकित करना

2. Erase – (इरेज़) – मिटाना

3.Rub – (रब) – रगड़ना / घिसना

4. Sharpen – (शार्पन) – नुकीला करना (पेंसिल)

5.Cut paper – (कट पेपर) – कागज काटना

6. Paste – (पेस्ट) – चिपकाना

7. Glue – (ग्लू) – गोंद लगाना



संकलन:-
सौरभ कुमार
विद्यालय अध्यापक
Govt. UMS गोइती
बगहा-2, प. चम्पारण

# English - मस्ती

**Command:**

1. बैठ जाओ: SIT DOWN.
2. खड़े हो जाओ: STAND UP.

3. दाएं मड़िए:- TURN RIGHT
4. बाएं मुड़िए :- TURN LEFT



संकलन:-
सुनील कुमार राम
प्रधान शिक्षक
Govt. PS चिउटाहां
बगहा-2, प. चम्पारण

# "सामान्य-ज्ञान"(वर्ग:6-12)

1. 16 जनवरी को भारत में कौन-सा राष्ट्रीय दिवस मनाया जाता है? (दिवस-विशेष)
उत्तर: राष्ट्रीय स्टार्टअप दिवस
व्याख्या: 16 जनवरी को National Startup Day मनाया जाता है। वर्ष 2022 से इसकी शुरुआत हुई, जिसका उद्देश्य नवाचार, उद्यमिता और युवाओं को स्टार्टअप संस्कृति के लिए प्रोत्साहित करना है। यह Startup India पहल को मजबूती देता है।
संदर्भ: Startup India; PIB India.

2. जनवरी 2026 में भारत ने "ई-श्रम पोर्टल 2.0" का नया संस्करण किस उद्देश्य से लॉन्च किया? (समसामयिकी)
उत्तर: असंगठित क्षेत्र के श्रमिकों के लिए सामाजिक सुरक्षा
व्याख्या: श्रम और रोजगार मंत्रालय द्वारा जनवरी 2026 में ई-श्रम पोर्टल 2.0 लॉन्च किया गया, जिसका उद्देश्य 50 करोड़ असंगठित क्षेत्र के श्रमिकों को आधार-लिंक्ड पंजीकरण, स्वास्थ्य बीमा, पेंशन और दुर्घटना बीमा जैसी सामाजिक सुरक्षा योजनाओं से सीधे जोड़ना है। यह डिजिटल प्लेटफॉर्म श्रमिकों के आर्थिक सशक्तिकरण को बढ़ावा देगा।
संदर्भ: श्रम और रोजगार मंत्रालय, भारत सरकार, जनवरी 2026।

3. "The Shadow Lines" पुस्तक के लेखक कौन हैं? (पुस्तक-लेखक)
उत्तर: अमिताव घोष
व्याख्या: अमिताव घोष का उपन्यास "The Shadow Lines" (1988) राष्ट्रीय सीमाओं, स्मृतियों और पहचान के विषयों पर केंद्रित है। यह कथा भारत, बांग्लादेश और इंग्लैंड के बीच फैली है और विभाजन, सीमाओं की मनोवैज्ञानिक वास्तविकता और इतिहास की व्याख्या के प्रश्नों को उठाती है।
संदर्भ: Penguin Books India (2026)।

4. "भारत का पहला बायोस्फीयर रिजर्व" कौन सा है? (पर्यावरण)
उत्तर: नीलगिरि बायोस्फीयर रिजर्व
व्याख्या: नीलगिरि बायोस्फीयर रिजर्व की स्थापना 1986 में हुई थी और यह भारत का पहला बायोस्फीयर रिजर्व है। यह तमिलनाडु, केरल और कर्नाटक राज्यों में फैला हुआ है और नीलगिरि तहर, एशियाई हाथी जैसी लुप्तप्राय प्रजातियों का आवास है। यह UNESCO के वर्ल्ड नेटवर्क ऑफ बायोस्फीयर रिजर्व का हिस्सा है।
संदर्भ: NCERT Class 8 Geography, Ch 2 Land, Soil, Water, Natural Vegetation and Wildlife Resources, p. 28।

5. "तानसेन" किस मुगल शासक के दरबारी संगीतकार थे? (इतिहास)
उत्तर: अकबर
व्याख्या: तानसेन (मियां तानसेन) मुगल सम्राट अकबर के 'नवरत्नों' में से एक थे और भारतीय शास्त्रीय संगीत के सबसे महान संगीतकारों में गिने जाते हैं। उनका वास्तविक नाम रामतनु पांडे था और उन्होंने ध्रुपद शैली को विशेष समृद्धि प्रदान की।
संदर्भ: NCERT Class 7 History, Ch 4 The Mughal Empire, p. 50।

# "सामान्य-ज्ञान"

6. "लक्षद्वीप द्वीप समूह" की राजधानी क्या है? (भूगोल)
उत्तर: कवरत्ती
व्याख्या: लक्षद्वीप द्वीप समूह की राजधानी कवरत्ती है, जो एक प्रशासनिक द्वीप है। लक्षद्वीप अरब सागर में स्थित 36 द्वीपों का समूह है और यह भारत का सबसे छोटा केंद्र शासित प्रदेश है। इन द्वीपों की प्रमुख आर्थिक गतिविधियाँ मत्स्य पालन और नारियल उत्पादन हैं।
संदर्भ: NCERT Class 9 Geography, Ch 1 India – Size and Location, p. 6।

7. भारतीय संविधान का "अनुच्छेद 280" किससे संबंधित है? (संविधान)
उत्तर: वित्त आयोग
व्याख्या: अनुच्छेद 280 भारतीय संविधान में वित्त आयोग के गठन और कार्यों का प्रावधान करता है। यह आयोग प्रति पाँच वर्ष में गठित किया जाता है और केंद्र एवं राज्यों के बीच करों के वितरण तथा राज्यों को अनुदान के सिद्धांतों की सिफारिश करता है।
संदर्भ: NCERT Class 11 Political Science, Ch 7 Federalism, p. 148।

8. "मानव शरीर में सबसे छोटी हड्डी" कौन सी है? (विज्ञान)
उत्तर: स्टेपीज (कान की हड्डी)
व्याख्या: मानव शरीर की सबसे छोटी हड्डी स्टेपीज (रकाब) है, जो मध्य कान में स्थित होती है। इसकी लंबाई लगभग 3 मिलीमीटर होती है और यह ध्वनि तरंगों को आंतरिक कान तक पहुँचाने का कार्य करती है।
संदर्भ: NCERT Class 6 Science, Ch 8 Body Movements, p. 78।

9. "छऊ नृत्य" किन राज्यों से संबंधित है? (कला एवं संस्कृति)
उत्तर: झारखंड, पश्चिम बंगाल, ओडिशा
व्याख्या: छऊ नृत्य पूर्वी भारत की एक पारंपरिक नृत्य शैली है, जो मुख्य रूप से झारखंड, पश्चिम बंगाल और ओडिशा में प्रचलित है। यह नृत्य मुखौटों, युद्ध कलाओं और पौराणिक कथाओं पर आधारित है और इसे UNESCO ने अमूर्त सांस्कृतिक विरासत की सूची में शामिल किया है।
संदर्भ: NCERT Class 7 History, Ch 9 The Making of Regional Cultures, p. 133।

10. बिहार का "मुंगेर जिला" किस नदी के किनारे स्थित है? (बिहार GK)
उत्तर: गंगा नदी
व्याख्या: मुंगेर जिला बिहार में गंगा नदी के दक्षिणी तट पर स्थित है। यह ऐतिहासिक रूप से प्रसिद्ध है और यहाँ प्राचीन काल में बनी तोपों के लिए मुंगेर की बंदूक फैक्टरी विख्यात रही है। इस जिले को शिक्षा और सांस्कृतिक गतिविधियों का केंद्र भी माना जाता है।
संदर्भ: Bihar Board Class 9 Social Science, Ch 5 Physical Features of Bihar, p. 42।

# "सामान्य-ज्ञान"

11. "स्कूल सुरक्षा ड्रिल" में "पीले रंग का हेलमेट" किस भूमिका को दर्शाता है? (विद्यालय सुरक्षा)
उत्तर: इमरजेंसी मेडिकल टीम लीडर
व्याख्या: मुख्यमंत्री विद्यालय सुरक्षा कार्यक्रम के अनुसार, मॉक ड्रिल के दौरान पीले रंग का हेलमेट इमरजेंसी मेडिकल टीम के प्रमुख को पहचानने के लिए होता है। यह व्यक्ति प्राथमिक चिकित्सा, घायलों के स्थानांतरण और चिकित्सा सहायता के समन्वय का उत्तरदायी होता है।
संदर्भ: Bihar SDMA स्कूल सुरक्षा प्रोटोकॉल 2025, अध्याय 6, पृष्ठ 22।

12. एक समबाहु त्रिभुज की भुजा 12 सेमी है। इसके अंतर्वृत्त का क्षेत्रफल क्या है? (मानसिक योग्यता)
उत्तर: 12π वर्ग सेमी
व्याख्या:
समबाहु त्रिभुज की भुजा (a) = 12 सेमी
अंतर्वृत्त की त्रिज्या (r) = $a/(2\sqrt{3}) = 12/(2\sqrt{3}) = 6/\sqrt{3} = 2\sqrt{3}$ सेमी
अंतर्वृत्त का क्षेत्रफल = $\pi r^2 = \pi \times (2\sqrt{3})^2 = \pi \times 4 \times 3 = 12\pi$ वर्ग सेमी
संदर्भ: Mathematics for Competitive Exams, R. S. Agarwal (2026)।

GK संकलन:-
शैलेन्द्र कुमार
प्रधान शिक्षक
Govt. PS बोदसर
बगहा-2, प. चम्पारण ।



अनुभाग-4

## -: शब्द - संगम :-

1. Feeble (फीबल) = Weak (वीक) - कमजोर, दुर्बल

2. Jovial (जोवियल) = Cheerful (चीयरफुल) - हर्षित, प्रसन्न

3. Melancholy (मेलन्कली) = Sad (सैड) - विषाद, दुखी

4. Genial (जीनियल) = Affable (एफेबल) - सौम्य, मिलनसार

5. Antagonistic (एंटैगनिस्टिक) = Hostile (हॉस्टाइल) - विरोधी, शत्रुतापूर्ण
४/५०



~: संकलन :~
घनश्याम प्रसाद
प्रधान शिक्षक
Govt. PS सिधाव थारुटोला
बगहा-2 , प. चम्पारण ।

अनुभाग-5

# "आज का अख़बार"

## NATIONAL NEWS

1. EU leaders Antonio Costa and Ursula von der Leyen to be Chief Guests at India's 77th Republic Day.
ईयू नेता एंटोनियो कोस्टा और उर्सुला वॉन डेर लेयेन भारत के 77वें गणतंत्र दिवस के मुख्य अतिथि होंगे।
प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के निमंत्रण पर यूरोपीय परिषद अध्यक्ष एंटोनियो लुईस सैंटोस दा कोस्टा और यूरोपीय आयोग अध्यक्ष उर्सुला वॉन डेर लेयेन 25-27 जनवरी को राज्य यात्रा पर आएंगे तथा 27 जनवरी को 16वें भारत-ईयू शिखर सम्मेलन की सह-अध्यक्षता करेंगे।

2. PM Modi inaugurates 28th Conference of Speakers and Presiding Officers (CSPOC).
पीएम मोदी 28वें स्पीकर्स एंड प्रेसिडिंग ऑफिसर्स कॉन्फ्रेंस (सीएसपीओसी) का उद्घाटन करेंगे।
पीएम मोदी ने नई दिल्ली में 28वें सीएसपीओसी का उद्घाटन किया, जो विधायी सुधारों और संसदीय कार्यवाही पर चर्चा करेगा।

3. Supreme Court directs filling of vacancies in CIC and SICs to strengthen RTI regime.
आरटीआई व्यवस्था मजबूत करने हेतु सुप्रीम कोर्ट ने सीआईसी और एसआईसी में रिक्तियां भरने का निर्देश दिया।
आरटीआई के कमजोर होने पर सुप्रीम कोर्ट ने केंद्र को केंद्रीय और राज्य सूचना आयोगों में रिक्त पद शीघ्र भरने का आदेश दिया।

## INTERNATIONAL NEWS

4. Iran denies plans to execute protesters amid deadly crackdown; Trump warns of action.
विरोधकारियों को फांसी की योजनाओं से ईरान का इंकार घातक दमन के बीच; ट्रंप ने कार्रवाई की चेतावनी दी।
विदेश मंत्री ने कहा कि सरकार के पास विरोध में गिरफ्तार लोगों को फांसी देने की कोई योजना नहीं है, जबकि ट्रंप ने सैन्य कार्रवाई से इंकार नहीं किया। भारतीय दूतावास ने ईरान यात्रा से परहेज का परामर्श दिया।

5. Crew-11 astronauts splash down safely off California after medical evacuation from ISS.
आईएसएस से चिकित्सकीय निकासी के बाद क्रू-11 अंतरिक्ष यात्री कैलिफोर्निया तट पर सुरक्षित उतरे।
क्रू-11 के चार सदस्य आईएसएस से लगभग 11 घंटे की यात्रा के बाद कैलिफोर्निया तट पर सुरक्षित उतरे।

6. Hand-stitched Indian replica ship arrives in Oman to rousing welcome.
हाथ से सिली गई भारतीय प्रतिकृति जहाज ओमान में जोरदार स्वागत के साथ पहुंची।
ओमान में भारतीय प्रतिकृति जहाज का जोरदार स्वागत हुआ, जो सांस्कृतिक संबंधों को मजबूत करेगा।

## BIHAR NEWS

**7. CWC clears draft water-sharing MoU between Bihar and Jharkhand for Indrapuri Reservoir.**
**इंद्रापुरी जलाशय के लिए बिहार-झारखंड के बीच ड्राफ्ट जल-बंटवारा एमओयू को सीडब्ल्यूसी ने मंजूरी दी।**
**केंद्रीय जल आयोग ने रोहतास जिले के इंद्रापुरी जलाशय परियोजना के लिए बिहार कैबिनेट द्वारा अनुमोदित ड्राफ्ट एमओयू को मंजूरी दी।**

**8. Bihar govt installs 10,000 new CCTV cameras statewide, cracks down on illegal sand mining.**
**बिहार सरकार ने राज्यव्यापी 10,000 नए सीसीटीवी कैमरे लगाए, अवैध बालू खनन पर सख्ती।**
**राज्य भर में 10,000 नए सीसीटीवी लगाए जा रहे हैं तथा सभी जिलाधिकारियों को अवैध बालू खनन पर कड़ी कार्रवाई के निर्देश दिए गए।**

## SPORTS NEWS

**9. Satwik-Chirag Shetty and Lakshya Sen advance in BWF India Open Super 750 in New Delhi.**
**सत्विक-चिराग शेट्टी और लक्ष्य सेन नई दिल्ली में बीडब्ल्यूएफ इंडिया ओपन सुपर 750 में आगे बढ़े।**
**इंडिया ओपन सुपर 750 जारी है जिसमें सत्विकसाईराज रैंकिरेड्डी-चिराग शेट्टी तथा लक्ष्य सेन ने अच्छा प्रदर्शन किया।**

**10. Hockey India League: JSW Soorma HC vs HIL GC at 7:30 PM IST.**
**हॉकी इंडिया लीग: जेएसडब्ल्यू सूरमा एचसी बनाम एचआईएल जीसी शाम 7:30 बजे।**
**पुरुष एचआईएल में जेएसडब्ल्यू सूरमा एचसी बनाम एचआईएल जीसी तथा प्रो रेसलिंग लीग में पंजाब रॉयल्स बनाम यूपी डोमिनेटर्स।**



**संकलन:-**
**शैलेन्द्र कुमार**
**प्रधान शिक्षक**
**रा.प्रा.वि. बोदसर,**
**बगहा-2, प. चम्पारण ।**

**आइए, मिलकर बच्चों के भविष्य को सिर्फ़ सूचना से नहीं, समझ से सशक्त करें।** 🌱📘

अनुभाग-6

# "पत्र-लेखन"
## "राष्ट्रीय स्टार्टअप दिवस" (16 जनवरी) – विशेष
### (एक छात्र द्वारा अपने मित्र को लिखा गया प्रेरक पत्र)

प्रिय मित्र रोहन, दिनांक- 16.01. 2026

नमस्ते।

आशा है तुम स्वस्थ और प्रसन्न होगे। आज मैं तुम्हें एक प्रेरक विषय पर पत्र लिख रहा हूँ। आज राष्ट्रीय स्टार्टअप दिवस मनाया जा रहा है। इस दिन के बारे में जानकर मुझे बहुत उत्साह और नई सोच मिली, इसलिए अपने विचार तुमसे साझा करना चाहता हूँ।

राष्ट्रीय स्टार्टअप दिवस हमें यह सिखाता है कि केवल नौकरी पाने का सपना ही काफी नहीं, बल्कि नया सोचने और कुछ अलग करने का साहस भी जरूरी है। स्टार्टअप का अर्थ है—अपनी समस्या को पहचानना, उसका समाधान ढूँढना और मेहनत से उसे सच बनाना। हमारे देश में आज अनेक युवा अपने छोटे-छोटे विचारों से बड़ा बदलाव ला रहे हैं।

मुझे यह जानकर अच्छा लगा कि एक साधारण छात्र भी भविष्य में उद्यमी बन सकता है। इसके लिए बड़ी पूँजी से अधिक ईमानदारी, परिश्रम और धैर्य की जरूरत होती है। अगर हम अभी से रचनात्मक सोच अपनाएँ, चीज़ों को ध्यान से देखें और सवाल पूछें, तो हमारे भीतर भी एक नवाचारी सोच विकसित हो सकती है।

मैंने यह भी समझा कि स्टार्टअप केवल पैसा कमाने का माध्यम नहीं है, बल्कि समाज की समस्याओं को हल करने का एक रास्ता है। स्वच्छता, शिक्षा, खेती, तकनीक—हर क्षेत्र में नए विचारों की जरूरत है। हम बच्चे भी अपने आसपास की समस्याओं पर सोचकर छोटे समाधान खोज सकते हैं।

आज इस दिवस पर मैंने मन ही मन एक संकल्प लिया है कि मैं पढ़ाई के साथ-साथ नए विचारों पर भी काम करूँगा और आत्मनिर्भर बनने की दिशा में आगे बढ़ूँगा। आशा है तुम भी इस सोच को अपनाओगे।

जल्द मिलेंगे।

तुम्हारा मित्र

अंकित



.................✍️

मनोज कुमार

प्रधानाध्यापक

रा.म.वि.वाल्मीकिनगर

बगहा 2, प. चम्पारण।

अनुभाग-7

# "शिक्षक संवर्धन"

TEACHERS OF BIHAR THE CHANGE MAKERS

16.01.2026

## शिक्षा में यथार्थवाद

यथार्थवाद शिक्षा में एक वह दर्शन है जिसमें ज्ञान का स्रोत प्रत्यक्ष अनुभव को माना गया है। शिक्षा के क्षेत्र में इसका उद्देश्य बालक को वास्तविक जीवन से जोड़ना तथा उसे व्यावहारिक, उपयोगी और तथ्यपरक ज्ञान प्रदान करना है। इसमें कल्पना या आदर्शवाद की अपेक्षा जीवन की वास्तविक परिस्थितियों को अधिक महत्व देते है।

यथार्थवादी विचारधारा के अनुसार संसार का स्वतंत्र अस्तित्व है जिसे मनुष्य अपने इंद्रियों के माध्यम से जानने की कोशिश करता है। इस माध्यम से शिक्षा, बालक को वास्तविक संसार को समझने योग्य बनाता है तथा वह वातावरण, समाज और प्रकृति के नियमों को पहचानकर उसके अनुसार अपने जीवन को ढालने में सक्षम भी बनाता है।

शिक्षा में इसका मुख्य उद्देश्य बालक का सर्वांगीण विकास करना है, जिसमें शारीरिक, मानसिक, बौद्धिक और सामाजिक विकास शामिल है। इसमें छात्रों को जीवनोपयोगी शिक्षा दी जाती है। इसमें किताबी ज्ञान को अनुभव, प्रयोग और अवलोकन आधारित बनाने पर बल दिया जाता है। इसमें पाठ्यक्रम का स्वरूप व्यावहारिक होता है जिसमें विज्ञान, गणित, भूगोल, इतिहास, अर्थशास्त्र, जीवविज्ञान और तकनीकी विषयों के साथ साथ हस्तकला, कृषि, शिल्प, स्वास्थ्य शिक्षा और व्यावसायिक विषयों को भी महत्व दिया जाता है, ताकि छात्र आत्मनिर्भर बन सके। इसमें नैतिक और सामाजिक शिक्षा भी वास्तविक जीवन के उदाहरणों के माध्यम से दी जाती है। निरीक्षण, प्रयोग, परियोजना विधि, प्रयोगशाला कार्य, भ्रमण तथा प्रदर्शन विधि को उपयोगी माना जाता है। शिक्षक केवल ज्ञान नहीं देते बल्कि छात्रों को वास्तविक परिस्थितियों से परिचित भी कराते हैं और स्वयं से खोज कर सीखने के लिए प्रेरित भी करते हैं। यथार्थवादी शिक्षा में शिक्षक एक मार्गदर्शक और विशेषज्ञ तथा छात्र सक्रिय, जिज्ञासु और अनुभव प्राप्त करने वाला होता है।

इस प्रकार हम कह सकते हैं कि शिक्षा में यथार्थवाद आधुनिक युग की आवश्यकताओं के अनुकूल है। यह छात्रों को जीवनोपयोगी ज्ञान, वैज्ञानिक दृष्टिकोण और व्यावहारिक कौशल प्रदान करता है तथा वास्तविक जीवन की चुनौतियों का सामना करने में सक्षम बनाता है। इस प्रकार शिक्षा में यथार्थवाद का स्थान अत्यंत महत्वपूर्ण है।



.................✍️
मनोज कुमार झा
प्रधानाध्यापक
राज़कीयकृत म. वि. सर्वोदय
बेतिया, प. चम्पारण।

अगर आप भी अपनी रचनाओं के लिए "चम्पारण-ज्ञनाग्रह" में जगह चाहते हैं तो अपनी रचनाओं को अपने नाम, पता और फ़ोटो के साथ इस न. पर व्हॉट्सएप करें।
9939671700//9798660088//9473329076//9576503100
आइए, हम मिलकर छात्रों के ज्ञान, प्रेरणा और जिज्ञासा को नयी दिशा दें। 🌿🙏

अनुभाग-8

# "परीक्षा पर चर्चा "

TEACHERS OF BIHAR
THE CHANGE MAKERS

**16.01.2025** **आत्मविश्वास का निर्माण: परीक्षा योद्धाओं की सबसे बड़ी तलवार**

माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी का 'परीक्षा पर चर्चा' (PPC) 2026 अब एक प्रेरणा की लहर बन चुका है! 4.30 करोड़ से अधिक रजिस्ट्रेशन के साथ यह कार्यक्रम न केवल भारत, बल्कि दुनिया भर के छात्रों के लिए एक नया मानक स्थापित कर चुका है। #ExamWarriors रोज़ाना इस संदेश को अपनाकर साबित कर रहे हैं कि सच्ची सफलता अंकों से नहीं, बल्कि आत्मविश्वास से आती है। PM मोदी जी का बार-बार दिया संदेश है: "खुद पर विश्वास करो, दुनिया तुम पर विश्वास करेगी।"

आज का विषय है आत्मविश्वास का निर्माण – क्योंकि परीक्षा के मैदान में सबसे मजबूत हथियार यही है। जब मन कहता है "मैं कर सकता हूँ", तो दिमाग और शरीर दोनों उस दिशा में काम करने लगते हैं। आत्मविश्वास न होने पर छोटी-छोटी गलतियाँ भी बड़ा डर पैदा करती हैं, लेकिन मजबूत विश्वास के साथ गलतियाँ भी सीख बन जाती हैं।

छात्रों के लिए व्यावहारिक और शक्तिशाली तरीके:

पिछली सफलताओं को याद करें: छोटे-छोटे टेस्ट में अच्छा किया था? उन पलों को रोज़ याद करें – यह आत्मविश्वास का ईंधन है।

"मैं तैयार हूँ" का संकल्प: हर सुबह और परीक्षा से पहले 3 बार जोर से कहें – "मैंने पूरी मेहनत की है, मैं तैयार हूँ, मैं सफल होऊँगा।"

शारीरिक भाषा: कंधे सीधे रखें, सीना तानकर बैठें, मुस्कुराएँ – बॉडी लैंग्वेज आत्मविश्वास को बढ़ाती है।


"व्हाट इफ" को "सो व्हाट" में बदलें: "अगर पेपर कठिन आया तो?" की जगह सोचें – "सो व्हाट? मैंने जो पढ़ा है, उससे मैं अच्छा कर लूँगा।"

छोटे लक्ष्य पूरे करें: रोज़ एक चैप्टर पूरा करने का लक्ष्य रखें और पूरा होने पर खुद को "शाबाश!" कहें।

अभिभावकों के लिए संदेश: बच्चों को बार-बार याद दिलाएँ कि आप उन पर गर्व करते हैं – चाहे परिणाम कैसा भी हो। "तुम्हारी कोशिश ही हमारी सबसे बड़ी खुशी है" कहना आत्मविश्वास को आसमान छूने देता है।


शिक्षकों के लिए: कक्षा में छात्रों से उनकी ताकतें बतवाएँ। "तुम इस विषय में बहुत अच्छे हो" कहना उनके अंदर विश्वास जगाता है। PPC से जुड़े हजारों छात्रों ने बताया कि आत्मविश्वास बढ़ाने के इन छोटे अभ्यासों से उनकी परीक्षा का डर पूरी तरह खत्म हो गया।

आत्मविश्वास वह जादू है जो असंभव को संभव बनाता है। याद रखें – परीक्षा आपके मूल्य को नहीं तय करती, आपकी मेहनत और विश्वास तय करते हैं। #ExamWarriors, आपमें वह शक्ति है जो पहाड़ हिला सकती है! कल नए प्रेरक टिप्स के साथ फिर मिलेंगे। जय हिंद!




..................✍

रवीन्द्र कुमार
ज़िला शिक्षा पदाधिकारी
प. चम्पारण, बेतिया।



आइए, हम मिलकर छात्रों के ज्ञान, प्रेरणा और जिज्ञासा को नयी दिशा दें। 🌿🙏

Reg. No. BR/2025/0487469

# "चम्पारण-ज्ञानाग्रह"

## आइए, हम मिलकर छात्रों के ज्ञान, प्रेरणा और जिज्ञासा को नयी दिशा दें। 🌿🙏

# Thank You..

## बच्चों के हितार्थ अपना बहुमूल्य समय देने के लिए...!!!




**संपादक:-**

**शैलेन्द्र कुमार**

**'प्रधान शिक्षक'**

**Govt. PS बोदसर, बगहा-2, प. चम्पारण।**

**(10010803702)**

**📱-9939671700**


अगर आपके मन में कोई नया विचार, कोई इवेंट, कोई एक्टिविटी या किसी बदलाव की पहल है, तो कृपया टीम में बताइए।


+917250818080

teachersofbihar@gmail.com

+917250818080

www.teachersofbihar.org